हिन्दुस्तान
लखनऊ LIVE
सोमवार , 01 जनवरी 2018
www.livehindustan.com

डा. भरतराज की एयर ओ बाइक को प्रथम पुरस्कार

लखनऊ। स्कूल आफ मैनेजमेंट साइंसेज के महानिदेशक (तकनीकी) डा. भरतराज सिंह के निर्देशन में विकसित एयर-ओ-बाइक के उन्नत मॉडल को प्रथम पुरस्कार मिला है। गत दिनों डा. भीमराव अम्बेडकर विवि में आयोजित प्रदर्शनी में मॉडल को दस हजार रुपए के पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। साथ ही राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने डा. सिंह व उनकी टीम को राष्ट्रपति भवन में आमंत्रित भी किया है।

डा. भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में गत दिनों आयोजित प्रदर्शनी में लगभग 60 मॅडल प्रदर्शित किए गए थे जिसमें एसएमएस की ओर से डा. भरत राज सिंह के देख-रेख में बने मॉडल हवा से चलने वाली बाइक का संशोधित मॉडल आदि आकर्षण का केन्द्र रही।